# CENTRAL POLLUTION CONTROL BOARD
**'Parivesh Bhawan'**
**East Arjun Nagar**
**DELHI - 110 032.**

No. C-25011/11/2004-Vig./Admn.(P) 431 October 24, 2017

## CIRCULAR

### Sub: Observance of Vigilance Awareness Week 2017

Central Vigilance Commission vide its Circular No.08/08/17, circulated vide letter No. 017/VGL/023/325625 dated August 17, 2017 has advised to observe Vigilance Awareness Week from 30th October to 4th November, 2017 commencing with the pledge on **30th October, 2017 at 11.00 AM**.

The theme of observing Vigilance Awareness Week is **"My Vision – Corruption Free India" (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत)**.

> Corruption can be defined as a dishonest or unethical conduct by a person entrusted with a position of authority, either to obtain benefits to one self or to some other person. It is a global phenomenon, affecting all strata of society in some way or the other. Corruption undermines political development, democracy, economic development, the environment, people's health and much more. It is, therefore, imperative that the public must be sensitized and motivated in the Commission's anti-corruption efforts.
>
> E-governance combined with systemic changes in procedures, minimal discretion, reduced public interface, technology based procurements and automation will go a long way in tackling corruption. The Commission has, therefore, been advising all Organisations to have in place effective preventive measures to fight corruption and also to enhance transparency and accountability in their functioning. All Organisations should strive to eradicate corruption in their respective sphere of activities. The Commission has accordingly chosen "My Vision- Corruption Free India" as the Central Theme for Vigilance Awareness Week-2017."

In compliance to the above, a pledge shall be administered by the Competent Authority, CPCB at 2nd Floor of Parivesh Bhawan on 30th October 2017 at 11.00 AM. All the officers and staff are requested to participate in the pledge with true spirit. A copy of pledge is placed overleaf.

contd..2..

In addition to above, the following are to be undertaken in CPCB during Vigilance Awareness Week:

- The theme **"My Vision – Corruption Free India" (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत)** be displayed on the Digital Display Board placed of CPCB during the Vigilance Awareness Week
- The theme **"My Vision – Corruption Free India"** (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत) be displayed on Home page of CPCB Website during 30th October, 2017 to 4th November, 2017.

**(R.D. Pandey)**
**Administrative Officer (P) &**
**Vigilance Officer**

**Distribution:**

1. All Divisional Heads : With a request to circulate it amongst the staff working under them.
2. Incharges of Regional Directorates : With a request to administer the pledge on the above preferably on 30th October, 2017 at 11.00 AM alongwith staff working under them.
3. Notice Boards (All Floors)
4. Incharge IT Division : To upload the circular on CPCB Website. The Theme **"My Vision – Corruption Free India"** (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत)" be posted on the Digital Board as well as CPCB Website Home page during 30.10.17 to 04.11.17
5. Shri Nilam Sawhney
   Secretary
   Central Vigilance omission
   Satarkta Bhawan, CGO Complex
   Block A, INA, New Delhi-110 023
6. AO's Master File

# Integrity Pledge for Organisations

We believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country. We believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

We acknowledge our responsibility to lead by example and the need to put in place safeguards, integrity frameworks and code of ethics to ensure that we are not part of any corrupt practice and we tackle instances of corruption with utmost strictness.

We realize that as an Organisation, we need to lead from the front in eradicating corruption and in maintaining highest standards of integrity, transparency and good governance in all aspects of our operations.

We, therefore, pledge that:

- We shall promote ethical business practices and foster a culture of honesty and integrity;
- We shall not offer or accept bribes;
- We commit to good corporate governance based on transparency, accountability and fairness;
- We shall adhere to relevant laws, rules and compliance mechanisms in the conduct of business;
- We shall adopt a code of ethics for all our employees;
- We shall sensitise our employees of laws, regulations, etc. relevant to their work for honest discharge of their duties;
- We shall provide grievance redressal and Whistle Blower mechanism for reporting grievances andfraudulent activities;
- We shall protect the rights and interests of stakeholders and the society at large.

# केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,

दिल्ली-110032

सं.सी-25011/11/2004-सर्त./प्रशा.(का.) 431 दिनांक 24.10.2017

परिपत्र

विषय: सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2017 का अनुसरण।

**केंद्रीय सतर्कता आयोग ने अपने परिपत्र सं. 08/08/17, के द्वारा परिचालित दिनांक 17.08.2017 के पत्र सं.017/वीजीएल/023/325625 द्वारा 30 अक्टूबर, 2017 से 04 नवंबर, 2017 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन की सलाह दी है और इसकी शुरूआत दिनांक 30 अक्टूबर, 2017 को प्रातः 11.00 बजे प्रतिज्ञा ग्रहण करने के पश्चात होगी।**

इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "My Vision-Corruption Free India" (**मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत**) है।

भ्रष्टाचार को किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं को या किसी अन्य व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए प्राधिकारी व्यक्ति द्वारा बेईमान या अनैतिक आचरण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह एक वैश्विक घटना है, जो समाज के सभी वर्गों को किसी न किसी रूप में प्रभावित करती है। भ्रष्टाचार राजनीतिक विकास, लोकतंत्र, आर्थिक विकास, माहौल, लोगों के स्वास्थ्य आदि को खोखला कर देती है । इसलिए, यह अनिवार्य है कि आयोग के भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों ये जनता को संवेदीकृत और प्रेरित किया जाए।

प्रक्रियाओं में प्रणालीगत परिवर्तनों, न्यूनतम विवेक, सार्वजनिक इंटरफ़ेस में कमी, प्रौद्योगिकी आधारित खरीद और स्वचालन युक्त ई-गवर्नेंस से भ्रष्टाचार निपटाने में काफी मदद मिलेगी। इसलिए आयोग, सभी संगठनों को सलाह दे रहा है कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रभावकारी निवारक उपायों के साथ-साथ अपनी कार्यपद्धति में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के प्रयास भी शामिल करें। सभी संगठनों को अपने से संबंधित गतिविधियों में भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए प्रयास करने चाहिए। आयोग ने तदनुसार विषय "My Vision-Corruption Free India" (**मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत**) चुना है।

उपर्युक्त के अनुपालन में दिनांक 30.10.2017 को प्रातः 11.00 बजे परिवेश भवन के दूसरे तल पर केन्द्रीय बोर्ड के सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक शपथ दिलाई जाएगी। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे सच्ची लगन से शपथ ग्रहण में शामिल हों। शपथ की प्रति इसके साथ संलग्न है।

क्रमशः..... 2

उपर्युक्त के अलावा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में निम्नलिखित किया जाना चाहिए:

- **"My Vision-Corruption Free India"** (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत) की थीम को सी.पी.सी.बी. में स्थापित डिजीटल प्रदर्शन बोर्ड पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान प्रदर्शित करें।
- **"My Vision-Corruption Free India"** (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत) की थीम को सी.पी.सी.बी. की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ के साथ-साथ डिजीटल बोर्ड पर 30 अक्तूबर,17 से 04 नवंबर,17 के दौरान प्रदर्शित करें।

**(आर.डी.पांडे)**
**प्रशासन अधिकारी (कार्मिक)**
**एवं सतर्कता अधिकारी**

**वितरण:**

| | | |
|---|---|---|
| 01. सभी प्रभाग प्रमुख | : | इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों में इसका परिचालन करें। |
| 02. सभी आंचलिक अधिकारी | : | अनुरोध है कि वे दिनांक 30.10.2017 को प्रात: 11.00 बजे अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को उपर्युक्त शपथ दिलाएं। |
| 03. सूचना पट्ट (सभी तल) | | |
| 04. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग | : | कृपया इस परिपत्र को केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करें। **"My Vision- Corruption Free India"** (मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत) की थीम को सी.पी.सी.बी. की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ के साथ-साथ डिजीटल बोर्ड पर 30.10.17 से 04.11.17 के दौरान पोस्ट करें। |

05. श्रीमती नीलम साहनी
सचिव,
केन्द्रीय सतर्कता आयोग
सतर्कता भवन, जीपीओ कॉम्प्लेक्स,
ब्लॉक ए, आईएनए, नई दिल्ली-110023

06. प्रशासनिक अधिकारी की मास्टर फाइल

परिशिष्ट 'ख'

<u>संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा</u>

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है । हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है ।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं ।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा ।

अतः, हम प्रतिज्ञा करते हैं कि :-

- हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे ;
- हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे ;
- हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं ;
- हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे ;
- हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे ;
- हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे ;
- हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा पर्दाफाश तंत्र का प्रबंध करेंगे ;
- हम संबंधित पक्षों एवं समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगे ।